# मानव जीवन विकास समिति/एकता परिषद राहत अभियान




## मुख्य बिंदु -

मास्क तैयार कर वितरण

स्कूल मे कोरेनटाईन

भोजन की व्यवस्था

सोशल डिस्टेंसिंग

आर्थिक सहायता

Covid- 19 (कोरोना) महामारी व्यापक रूप से पूरी दुनिया मे फैल रही है जिसके मद्देनजर रखते हुए पूरे देष मे पहले चरण मे 21 दिन का 25 मार्च से 14 अप्रैल तक का लॉकडाउन किया गया, फिर दूसरे चरण मे 19 दिन का 15 अप्रैल से 3 मई तक का लॉकडाउन किया गया। इस महामारी के चलते लॉकडाउन के कारण संक्रमित लोगों व मरीजों की संख्या मे कमी तो आई है लेकिन वही दूसरी तरफ देखा जाये तो पलायन किये मजदूर दूसरे राज्यों मे कम्पनियो व फैक्ट्रियों मे जहां काम कर रहे थे वही के वही रह गये। यातायात साधन की व्यवस्था न होने से मजदूर जहां काम कर रहे थे वही फंसे रह गये। दूसरा गांव घर मे रह रहे दिहाड़ी मजदूरी कर रहे लोगों का भी जीवन दूभर हो गया। इस परिस्थिति मे प्रषासन और विभिन्न सामाजिक संगठन व संस्थाऐं अपने अपने स्तर पर लोगों की मदद् कर रहे है। मानव जीवन विकास समिति एक गैर सरकारी संगठन है। जो मध्यप्रदेष के सदूर ग्रामीण अंचलों मे लोगों की आजीविका के विषय पर काम कर रही है। समिति अपने स्तर पर कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाकर कार्य को अंजाम दे रही है।



# 4000 मास्क तैयार कर वितरण किया गया

मानव जीवन विकास समिति द्वारा 4000 मास्क तैयार करवाया जाकर लोगों का निःशुल्क वितरण किया गया। कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के 20 गांव के 1000 लोगों को और दमोह जिले के तेन्दुखेड़ा ब्लॉक के 60 गांव के 3000 लोगों को मास्क वितरण किया गया। साथ ही कोरोना महामारी से बचने के उपाय भी बताये गये। कोरोना महामारी से बचने क्या सावधानी रखनी है बताया गया। बताया गया की लॉकडाउन का पालन सभी को करना है, बिना जरूरी काम के किसी को भी घर से बाहर नही निकलना है सबको घर पर ही रहना है। साफ सफाई का विषेष ध्यान रखा जाये सेनेटाईजर का उपयोग किया जाये सावधानी ही बचाव है।









## कटनी के मझगवां (बरही रोड) मे घुमक्कड़ जनजाति को स्कूल मे कोरेनटाईन कराया

समिति के प्रयास से बिहार (पटना) के 8 परिवार के 40 लोगों को मझगवां मे कोरेनटाईन मे रूकवाया गया। पता चलते ही उन परिवार से सम्पर्क किया गया और मझगवां सरपंच सचिव से बातचीत कर स्कूल मे रूकवाया गया। तत्कालीन व्यवस्था कराते हुए उन्हे खाद्यान्न सामग्री प्रदान करने को भी कहा जिसमे उस परिवार को 25 किलो आटा व 5 किलो चावल के हिसाब से 2 क्विंटल आटा व 40 किलो चावल भी उपलब्ध कराया जिससे उनके चेहरे मे रौनक आयी। ये घुमन्तु जनजाति परिवार से है ये हमेषा की तरह एक गांव से दूसरे गांव मे घूमघूम कर अपना व परिवार का पालन पोषण कर रहे होते है। लॉकडाउन की स्थिति मे ये परिवार को खाने के लाले पड़ गये थे व इधर उधर घूमते फिरते थे। समिति के सहयोग से अब वे सुरक्षित महसूस कर रहे है।

### घुमंतु जाति की देख-रेख में जुटी मानव जीवन विकास समिति

**कटनी, देशबन्धु।** मानव जीवन विकास समिति, एकता परिषद द्वारा 8 अप्रैल 2020 को मझगवां को बिहार (पटना) से 8 परिवार के 40 लोग लॉकडाउन के कारण कोरेनटाईन मे रुके हुये है। प्रति परिवार को 25 किलो आटा व 5 किलो चावल के हिसाब से 2 क्विंटल आटा और 40 किलो चावल का वितरण किया गया। ये परिवार घुमंतु जाति के है जो रोजीरोटी के चक्कर मे गांव गांव घूमकर अपना जीवन यापन कर रहे है। ये परिवार को समिति लगातार निगरानी मे रखकर मदद कर रही है। मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के मार्गदर्शन मे समिति कार्यकर्ता दयाशंकर यादव, अभय कुमार, रामकिशोर, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, रवि पाण्डेय की इस काम महत्वपूर्ण भूमिका रही है।







# जरूरतमंदो को भोजन की व्यवस्था

समिति के द्वारा मझगवां गांव मे स्टॉल लगाकर राहगीरो व गांव के उन परिवार को जिनके पास भोजन की व्यवस्था नही हो पाती है उन्हे कार्यकर्ताओं की मदद से भोजन कराया जा रहा है। भोजन करने आये लोगों को कोरोना महामारी से बचने लॉकडाउन का पालन करने को भी कहा जाता है। साथ ही उन्हे मास्क पहनाकर ही भोजन कराया जाता है। लॉकडाउन के कारण उमरिया जिले के 6 मजदूर व शहडोल जिले के 11 मजदूर इटारसी काम करने गये हुये थे वापस अपने घर जा ही रहे थे साधन न होने की स्थिति मे कटनी के मझगवां टोल नाका मे रूके हुए थे जैसे ही बड़वारा मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा टेलीफोनिक जानकारी समिति सचिव को मिली की 17 मजदूर आपके मझगवां टोलनाका मे रूके हुऐ है। तभी समिति कार्यकर्ता द्वारा टोलनाका जाकर मजदूरों की जानकारी व पूछताछ की गई और उन्हे भोजन व्यवस्था करने कहा गया। कुछ ही समय मे समिति द्वारा उन 17 मजदूरों को भोजन उपलब्ध कराया गया और शहडोल उमरिया की ओर जा रहे ट्रक से बातचीत कर उन्हे उनके घर की ओर रवाना किया गया।







सोशल डिस्टेंसिग के लिए जागरूकता संदेश

समिति अपने पास के ही गांव मझगवां के किराना दुकानों मे सोषल डिस्टेंषिंग रखने दुकानदारो से सम्पर्क कर जानकारी व समझाईस दी गई साथ ही दुकान के सामने 1 मीटर की दूरी पर गोलाकार बनाया गया। जिससे लोगों मे जागरूकता आयेगी। क्रमानुसार गोला मे ही खड़े होकर खरीदी करेंगे जिससे सोषल डिस्टेंसिग बनी रहेगी। सोशल डिस्टेंषिंग मे 1 मीटर की दूरी बनाये रखना व मास्क का इस्तेमाल करना यह लोगों की जिम्मेदारी है । लोगों को भी बताया गया की आप सभी को कोरोना महामारी से बचने के लिए समझदारी से काम लेना ही उपाय है।










कोरोना राहत खाद्य सामग्री का वितरण

BRLF

**कोविड-19 कोरोना महामारी में सहायता हेतु खाद्यान्न सामग्री की सूची**

| सं. | सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | आटा | 5 किलो |
| 2. | चावल | 5 किलो |
| 3. | दाल | 1.5 किलो |
| 4. | चना | 1 किलो |
| 5. | तेल | 500 ग्राम |
| 6. | गुड़ | 1 किलो |
| 7. | हल्दी | 100 ग्राम |
| 8. | धनिया | 100 ग्राम |
| 9. | मिर्ची | 100 ग्राम |
| 10. | नमक | 2 किलो |
| 11. | कपड़े धोने का पावडर | 250 ग्राम |
| 12. | साबून | 04 नग |
| 13. | बिस्किट का पैकेट | 04 पैकेट |
| 14. | सैनेटरी पैड | 02 पैकेट |

www.mjvs.org

ग्राम बिजौरी, पो. मझगवां, जिला- कटनी (म.प्र.)
07626-275223,9425157561

आपको बताना चाहेंगे कि कोरोना महामारी के चलते देष मे लॉकडाउन होने से काफी लोगों को खाद्यान्न की समस्या हुई है। ऐसे मे मानव जीवन विकास समिति भारत रूरल लाईवलीहुड फाउण्डेषन दिल्ली के मार्गदषन मे ग्रामीण अंचल मे 25 पंचायत के, 60 गांव के 750 परिवार को खाद्यान्न किट उपलब्ध कराया गया। किट मे आवष्यक खाद्यान्न सामग्री निम्न सूची अनुसार प्रदान की गई सूची संलग्न है।

लोगों की दैनिक आवष्यकता की वस्तुओं को ध्यान मे रखते हुए अति आवष्यकता वाले लोगों का चयन किया गया। जिनके पास खाने आदि की व्यवस्था नही हो पा रही थी उसे ध्यान मे रखकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की मदद् से 25 पंचायत के 60 गांवो के 750 परिवार को उपलब्ध कराया



गया. खाद्यान्न सामग्री वितरण मे सोषल डिस्टेंषिंग का भी ध्यान रखा गया। किट मे रखी वस्तुओं का उपयोग करने लॉकडाउन का पालन करने घर से बाहर न जाने लोगों को जानकारी भी दिया गया।








# हमकदम

## मानव जीवन समिति दे रही मास्क और भोजन

कटनी( हमकइदम )। स्वयंसेवी संस्था मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के प्रयास से जरूरतमंदों को नि:शुल्क मास्क व एक टाईम का भोजन दिया गया।जिसे देख राहगीरों ने इस काम को सराहा। सबसे प्रथम बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचकर इस काम मे सहयोग करने वालों की कोरोना संबंधित जांच कराई गई और स्वस्थ होने का प्रमाण साथ रखा। स्वास्थ केंद्र मे भी संस्था द्वारा बने मास्क डॉक्टर व टीम को प्रदाय किया गया। साथ ही वहां पर बिना



दिया गया। और 20 मास्क डॉक्टर को दिये गये जिससे आने वाले मरीजों को मास्क

पहुंचकर थाना टीम से मिला गया। उन्हें भी संस्था के बारे मे बताया गया की हम अपने खर्चे से जरूरतमंदों को मास्क व एक टाईम का भोजन उपलब्ध कराने प्रयास कर रहे हैं। इस काम हेतु सामग्री लाने ले जाने हेतु एक पिकअप गाड़ी का परमिट भी थाने से दिया गया। जिससे संस्था अपने काम को सहजता से कर सके। संस्था द्वारा अभी तक लगभग 1600 मास्क जरूरतमंदों को बांटे गये। इस काम मे दयाशंकर यादव व


# दैनिक भास्कर

11-Apr-2020

दमोह Page 1


## हर्रई में भीलवाड़ा से आए मजदूरों को स्कूल में क्वारेंटाइन किया

तेंदूखेड़ा/हर्रई | ग्राम हर्रई में राजस्थान भीलवाड़ा से वापस आए 6 मजदूरों को स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में क्वारेंटाइन किया गया है। जिनके खाने-पीने सहित सभी व्यवस्थाएं पंचायत द्वारा की गई हैं। हालांकि प्रदेश की बॉर्डर पर भी प्रशासन ने इनको 10 दिन तक क्वारेंटाइन पर रखा था, इसके बाद इन्हें प्रदेश में आने दिया है। जहां पर स्वास्थ्य विभाग ने भी स्वास्थ्य परीक्षण किया है। इन मजदूरों में 3 महिला, 3 पुरुष एवं एक बच्चा शामिल है। इनके ग्राम में पहुंचने पर प्रशासन के अधिकारियों को जानकारी लगते ही थाना प्रभारी केके तिवारी, तेजगढ़ स्वस्थ्य सेक्टर सुपरवाइजर डॉ. तेजपाल सिंह, सरपंच पति राजाराम साहू, सचिव चतुर्भुज कोष्टी, शिक्षक परम लाल अहिरवार तत्काल पहुंच गए थे। साथ ही मजदूरों को कोरोना वायरस से संबंधित समझाइश दी गई। ओर अपने परिवार के लोगों से दूरी बनाकर रहने के लिए कहा गया।

